मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 259, मुंबई, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2019 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

# 32 दिन बाद उद्धव मंत्रिमंडल का विस्तार



## 36 नए मंत्री

## अजित पवार 37 दिन में दूसरी बार डिप्टी सीएम



## आदित्य ठाकरे भी मंत्री बने

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की सरकार बनने के 32 दिन बाद सोमवार को उनके मंत्रिमंडल का पहला विस्तार हुआ। इस सरकार में उद्धव की शिवसेना के मुकाबले शरद पवार की राकांपा के मंत्री ज्यादा हैं। कुल 36 नए मंत्रियों ने शपथ ली है। इनमें 26 कैबिनेट और 10 राज्य मंत्री हैं। राकांपा से 14, कांग्रेस से 10 और शिवसेना से 9 नेता मंत्री बने हैं। 3 अन्य विधायकों को भी मंत्री बनाया गया है। पहली बार विधायक बने उद्धव के बेटे आदित्य ने कैबिनेट मंत्री पद की शपथ ली।

**(शेष पृष्ठ 5 पर)**

### 28 नवंबर को उद्धव ने शपथ ली थी

इससे पहले 23 नवंबर की सुबह भाजपा ने राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर सरकार बना ली थी। फडणवीस ने मुख्यमंत्री और अजित ने उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। हालांकि, 26 नवंबर को अजित ने इस्तीफा दे दिया। फडणवीस को भी इस्तीफा देना पड़ा था। बाद में 28 नवंबर को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के साथ शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के दो-दो मंत्रियों ने शपथ ली थी। नियम के मुताबिक, महाराष्ट्र सरकार में मुख्यमंत्री के अलावा 42 मंत्री ही शामिल सकते हैं।

### 36 नए मंत्रियों में 26 कैबिनेट और 10 राज्य मंत्री, इनमें राकांपा से 14, कांग्रेस से 10 और शिवसेना से सिर्फ 9

### मंत्रिमंडल में 3 विधायक अन्य दलों से, अल्पसंख्यक समुदाय से 4 नेता मंत्री बने, 3 महिलाओं ने भी शपथ ली




# जनरल बिपिन रावत देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ होंगे

### तीनों सेनाओं और सरकार के बीच समन्वयक की भूमिका निभाएंगे



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत (61) को सोमवार को देश का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से कई मंत्रियों और सेना के अफसरों ने उन्हें सीडीएस बनने की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल 15 अगस्त को इस पद का ऐलान किया था। सीडीएस के लिए जनरल रावत का नाम सबसे आगे चल रहा था। सीडीएस के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 साल है। हालांकि, कार्यकाल कितने वर्ष का होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं किया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने जनरल रावत को नियुक्ति पर बधाई दी।

**(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## संक्षिप्त खबर

### विखे पाटील-थोरात के बीच जुबानी जंग

**मुंबई।** दो पूर्व चिर विरोधी राधाकृष्ण विखे पाटील और मंत्री बालासाहेब थोरात के बीच प्रतिद्वंद्विता अलग-अलग पार्टियों में होने के बाद भी थमी नहीं है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष बालासाहेब थोरात ने रविवार को कहा कि राधाकृष्ण विखे पाटील के उस बयान पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है, जिसमें वह कह रह हैं कि मैं कुछ दिन पहले भाजपा में शामिल होने के बारे में विचार कर रहा था। उन्होंने कहा कि मैंने कभी अपने सिद्धांतों और कांग्रेस के प्रति प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। बता दें कि शिरडी में पाटील ने कहा था कि तीन साल पहले थोरात भाजपा में शामिल होने के बारे में विचार कर रहे थे। आज उन्हें जो कैबिनेट मंत्री का पद मिला है, वह अचानक मिल गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान वह अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर प्रचार भी नहीं कर सके।

विखे पाटील के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री थोरात ने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि विपक्ष के नेता के रूप में कांग्रेस को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने क्या काम किया। हालांकि, मैं हमेशा कांग्रेस के साथ खड़ा रहा, कठिन समय में भी। कांग्रेस नेता ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वह अब विपक्ष में हैं। इसलिए वह बिना किसी जिम्मेदारी के किसी भी मुद्दे पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं। बता दें कि विखे पाटील विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शमिल हो गए थे। पाटील और थोरात दोनों अहमदनगर जिले से हैं। कांग्रेस में रहते हुए दोनों नेताओं के बीच पार्टी में वर्चस्व की जंग जारी थी, जिसमें काफी हद तक विखे पाटील-थोरात पर भारी रहे। विधानसभा में 2014 से 2019 के बीच राधाकृष्ण विखे पाटिल नेता विपक्ष के रूप में रहे थे।

एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच विखे पाटील और थोरात एक विवाह कार्यक्रम में एक सोफे पर साथ बैठे दिखाई दिए। खास बात यह रही कि दोनों नेता एक-दूसरे से बातचीत भी कर रहे थे। अहमदनगर के संगमनेर में आयोजित कार्यक्रम में काफी देर तक दोनों नेता एक-दूसरे के साथ रहे।

### कर्नाटक से सीमा विवाद फिर भड़का

**मुंबई।** बेलगांव में मराठी समुदाय के साथ हो रहे अत्याचार और मारपीट की घटनाओं के बाद महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद फिर भड़क गया है। बेलगांव में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का पुतला जलाने से शुरू हुआ विवाद सीमा से महाराष्ट्र के कई जिलों में फैल गया है। इसका असर दोनों राज्यों की बस सेवाओं पर पड़ा है। कोल्हापुर में थिएटरों से कन्नड फिल्मों को हटा दिया गया है। महाराष्ट्र में सत्ताधारी शिवसेना के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद सावंत ने कर्नाटक सरकार को चेतावनी देते हुए कहा, 'उन्हें याद रखना चाहिए कि यहां भी बड़ी संख्या में कन्नड रहते हैं। यदि वहां मराठीभाषियों के साथ अत्याचार हुआ, तो उसकी प्रतिक्रिया महाराष्ट्र में भी हो सकती है।'

सीमा विवाद पर बढ़ते बवाल को देखते हुए दोनों राज्यों के बीच चलनेवाली बस सेवाओं को शनिवार रात से रोक दिया गया है। पुलिस का कहना है कि किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए बस सेवा स्थगित की गई है। अगले आदेश तक दोनों राज्यों के बस महामंडलों को बस सेवा रोके रखने को कहा गया है। कर्नाटक जानेवाली महाराष्ट्र राज्य परिवहन की 255 बसें रद्द कर दी गई हैं। सीमा विवाद का असर रविवार को राज्य के कई हिस्सों में देखने को मिला। शिवसेना ने कोल्हापुर के एक थिएटर में चल रही कन्नड फिल्म का शो बंद कराकर पोस्टर उतरवा दिया। इसके बाद वहां अन्य थिएटरों में चल रहीं कन्नड़ फिल्में भी उतरवा दी गईं।

बता दें कि कर्नाटक नवनिर्माण सेना के नेता भीमाशंकर पाटील ने बेलगांव में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का पुतला जलाया और दुकानों पर मराठी में लिखे बैनर भी फाड़ दिए। इसके खिलाफ शिवसेना ने बेलगांव बस स्टॉप तक रैली निकाली। साथ ही, सांगली और कोल्हापुर में कर्नाटक के मुख्यमंत्री वी.एस. येदियुरप्पा और भीमाशंकर के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतले जलाए।

# मुंबईः अंडरवर्ल्ड सरगनाओं के अंदर-बाहर होने का साल रहा 2019

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड और पुलिस की लुकाछिपी का खेल किसी से छिपा नहीं है। साल 2019 में कई बड़े अंडरवर्ल्ड सरगना जेल के अंदर गए। तो कुछ जेल से बाहर भी आने में कामयाब हो गए। जिस रवि पुजारी ने पिछले करीब दो दशक से मुंबई व कर्नाटक पुलिस की नींद उड़ा रखी थी, उसे सेनेगल में गिरफ्तार करवाने में भारतीय खुफिया एजेंसियों को कामयाबी मिली। उसके खिलाफ पूरे देश में मर्डर और उगाही के 300 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। लेकिन अभी भी वह भारतीय जांच एजेंसियों के हाथ नहीं लगा है। उसके प्रत्यर्पण की कोशिशें चल रही हैं। मुंबई पुलिस का मानना है कि एक बार उसके भारत आने के बाद दाऊद, राजन सहित कई और अंडरवर्ल्ड सरगनाओं की कहानियों की कई और स्क्रिप्ट लिखी जा सकेंगी।

साल 2019 में सिर्फ रवि पुजारी नहीं, दाऊद को भी तगड़ा झटका लगा है। जुलाई में मुंबई क्राइम ब्रांच ने उसके भतीजे और इकबाल कासकर के बेटे



रिजवान को उगाही के केस में गिरफ्तार कर लिया। बाद में उस पर मकोका भी लगा दिया। मकोका लगने का मतलब है कि वह जल्द जेल से बाहर नही आने वाला। रिजवान की गिरफ्तारी से दाऊद इतना टूट गया कि उसने विदेश में अपने सभी पंटरों, शूटरों व परिवार के लोगों को भारत में कॉल न करने का निर्देश दिया।

वैसे, साल, 2019 में दाऊद के एक साथी फारूख देवाडीवाला के पाकिस्तान में आईएसआई द्वारा मर्डर करवाए जाने की भी खबरें बहुत उड़ीं। लेकिन भारतीय एजेंसियों ने इसकी पुष्टि नहीं की। हां, बैंकॉक की जेल में बंद मुन्ना झिंगाडा को आईएसआई की मदद से डी कंपनी पाकिस्तान बुलवाने में कामयाब हो गई। मुन्ना झिंगाडा वह शूटर है, जिसने दो दशक पहले छोटा शकील, शरद शेट्टी के कहने पर बैंकॉक में छोटा राजन पर गोलियां चलाई थीं। राजन इसमें बुरी तरह घायल हो गया था।

जब दाऊद खामोश हुआ और रवि पुजारी गिरफ्तार हुआ तो कई अन्य सरगनाओं ने उगाही के कॉल्स करने शुरू कर दिए। लेकिन मुंबई पुलिस ने बहुत से उनके पंटरों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया। सुरेश शेट्टी, एजाज लकड़ावाला और प्रसाद पुजारी गिरोह के करीब एक दर्जन लोग पिछले कुछ महीनों में गिरफ्तार हुए। रियाज भाटी की भी अलग-अलग क्राइम ब्रांच यूनिट्स ने कस्टडी ली।

## घर में घुसकर महिला की छुरा मारकर हत्या, सात लाख के गहने चुराकर भागा आरोपी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पालघर के विरार इलाके में 63 वर्षीय एक महिला की एक अज्ञात व्यक्ति ने कथित रूप से छुरा घोंपकर हत्या कर दी और उसके घर से सात लाख रुपये के कीमती गहने चुराकर ले गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

विरार पुलिस स्टेशन के निरीक्षक विवेक सोनावाने ने बताया कि यह घटना विरार नगर में शुक्रवार को शाम साढ़े पांच बजे हुई, जब एक अज्ञात व्यक्ति ने मनीषा दोंबले के घर में कथित तौर पर घुसकर उसकी छाती पर छुरा से हमला किया और उसके घर से सामान लूटकर भाग गया। आरोपी 7.29 लाख रुपये के गहने और 20 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर मामला दर्ज कर लिया गया है और इसकी जांच चल रही है।




## सट्टा क्रिकेट सट्टेबाज गिरफ्तार

**मुंबई।** शनिवार को क्राइम ब्रांच यूनिट 2 ने दादर स्थित भवानी शंकर रोड के पास मौजूद भवानी प्लाजा शॉपिंग सेंटर में छापा मारकर 4 सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच पुलिस के अनुसार, इस मामले में विपुल मोरबीया (43), जिमीत पारीख (34), सतीश मेहता (35) और विमल मोरबीया (39) को गिरफ्तार किया गया है। इन चारों पर आरोप है कि यह लोग ऑस्ट्रेलिया में हो रहे बिग बैश टी 20 लीग पर सट्टेबाजी कर रहे थे। क्राइम ब्रांच को गुप्त तरीके से इसकी सूचना प्राप्त हुई थी।

# महाराष्ट्र में परिवार संग अपने पुश्तैनी गांव पहुंचे आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो

**मुंबई।** आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर रविवार को अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र के तटीय जिले सिंधुदुर्ग स्थित अपने पैतृक गांव पहुंचे। जून 2017 में प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका मलवन तहसील के वराड गांव का पहला दौरा था। वराड मुंबई से लगभग 500 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है।

लियो वराडकर के पिता अशोक वराडकर, वराड गांव से थे और पेशे से डॉक्टर थे। वह 1960 के दशक में



ब्रिटेन चले गए थे। मुंबई में रहने वाले उनके रिश्तेदारों ने बताया कि प्रधानमंत्री वराडकर का गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने ग्राम देवता के मंदिर का भी दौरा किया।

इस मौके पर आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर ने कहा, 'मैं यहां अपने माता-पिता, अपनी बहनों, उनके पति, अपनी पत्नी और नाती-पोतों के साथ आया हूं। इसलिए यह एक बड़ी पारिवारिक यात्रा है।' उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बहुत ही खास पल है क्योंकि परिवार की तीन पीढ़ियां मेरे दादाजी के घर आई हैं। वराडकर ने कहा, मैं अभी यहां निजी दौरे पर आया हूं, लेकिन आधिकारिक तौर पर मैं फिर से इस जगह आना चाहूंगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9769659975
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# खराब नेता पाना महाराष्ट्र की गलती नहीं, उसके साथ बना रहना गलती है: अमृता फडणवीस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस ने अपने ट्वीट में एक बार फिर राज्य की उद्धव सरकार पर निशाना साधा है। अमृता ने एक टिप्पणी में कहा कि खराब नेता पाना महाराष्ट्र की गलती नहीं है लेकिन उसके साथ बने रहना गलती है। हाल में भी शिवसेना के साथ ट्विटर पर अमृता का वाक् युद्ध चला था। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी की निंदा की थी।

इस ट्वीट का जवाब देते हुए अमृता ने मुख्यमंत्री को निशाने पर लिया था। इसके एक सप्ताह बाद अमृता



की यह टिप्पणी आई है। उन्होंने शनिवार को कहा, 'खराब नेता पाना महाराष्ट्र की गलती नहीं है लेकिन उसके साथ बने रहना महाराष्ट्र की गलती है। जागो महाराष्ट्र।'

हाल ही में शिवसेना के शासन वाले ठाणे नगर निगम ने अपना वेतन खाता एक्सिस बैंक से हटाकर एक राष्ट्रीयकृत बैंक में करने का निर्णय लिया। एक्सिस बैंक में अमृता वरिष्ठ पद पर हैं। इसके बाद उनकी टिप्पणी आई है।


अपने ट्वीट में उन्होंने एक खबर भी टैग किया है, जिसमें यह कहा गया है कि वह शिवसेना नीत सरकार को लेकर अपनी आलोचना वापस नहीं लेंगी। उन्होंने एक समाचार पत्र से कहा था, 'देवेंद्र फडणवीस से शादी होने से पहले ये खाते एक्सिस बैंक को मिले थे, उस समय कांग्रेस-एनसीपी का शासन था। निजी बैंक भी भारतीय बैंक हैं और आधुनिक तकनीकी सेवा मुहैया कराते हैं। इस सरकार को तर्क के आधार पर सोचना चाहिए और बैंक (दूसरे बैंक में खाते हस्तांतरित करके) बदलकर, उन्होंने देवेंद्र और मुझे निशाना बनाया है।'

ऐसी भी खबर है कि एक्सिस बैंक के पास से महाराष्ट्र पुलिस विभाग का वेतन खाता जा सकता है जो सालाना 11,000 करोड़ रुपये का है। उद्धव ठाकरे नीत सरकार इसे एक सरकारी बैंक में हस्तांतरित करने की तैयारी कर रही है।

# 'दाऊद' का जन्मदिन मना रहा था शख्स, मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने किया अरेस्ट

**मुंबई।** मुंबई पुलिस क्राइम ब्रांच ने डोंगरी से एक शख्स को अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का जन्मदिन मनाने के आरोप में गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान शख्स ने बताया कि वह फेसबुक पर अपने फॉलोवर्स बढ़ाने के लिए ऐसा कर रहा था। इसके साथ ही उसने यह भी कहा कि वह अपने परिचित दाऊद का जन्मदिन मना रहा था, न कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के जन्मदिन का जश्न मना रहा था।

डोंगरी से एक व्यक्ति को कथित रूप से एक पत्रकार को धमकाने के लिए गिरफ्तार किया गया है। पत्रकार ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का जन्मदिन मनाते हुए उस व्यक्ति का विडियो



सोशल मीडिया पर साझा किया था। वर्ष 1993 के मुंबई बम धमाकों का मुख्य आरोपी दाऊद गुरुवार को 64 साल का हो गया। इसपर डोंगरी निवासी अजहर फिरोज मनियार उर्फ शेरा चिकना ने फेसबुक पर एक विडियो पोस्ट किया, जिसमें वह कथित रूप से दाऊद का जन्मदिन मनाता दिख रहा है।

माना जाता है कि दाऊद पाकिस्तान में छिपा हुआ है। पुलिस ने बताया कि स्थानीय पत्रकार मोहसिन शेख ने विडियो को यू-ट्यूब पर अपलोड कर उसे वायरल कर दिया और फिर वॉट्सऐप समूहों पर उसे फॉरवर्ड कर दिया। इसके बाद मनियार ने उसे धमकी दी। उन्होंने कहा कि शेख ने शुक्रवार को गोरेगांव थाने में शिकायत की। इसके बाद मुंबई अपराध शाखा ने उसी दिन उसे गिरफ्तार कर लिया।

# अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिरा वाहन, तीन लोगों की मौत

**मुंबई।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर रविवार को खोपोली के पास एक टेम्पो के गहरे गड्ढे में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायल शख्स को आनन-फानन इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी पुलिस की ओर से दी गई। इस दर्दनाक घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में भी हड़कंप मच गया।

खोपोली थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर साढ़े 12 बजे हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। नागपुर से आ रहे इस टेम्पो में सामान लदा हुआ था। खोपोली के पास एक मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया और टेम्पो गहरे गड्ढे में गिर गया।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि हादसे में चालक अनिल गायकवाड़ और दो अन्य की मौत हो गई। वहीं घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में घायल शख्स का इलाज चल रहा है।

# शहर से पहले स्मार्ट हो रहे हैं मुंबई के स्टेशन

**मुंबई।** मौजूदा सरकार ने देशभर में स्मार्ट सिटी के वादे किए थे। इन्हें पूरा करने से पहले मुंबई के उपनगरीय स्टशनों को स्मार्ट बनाने की शुरूआत हो चुकी है। आधुनिक सीसीटीवी से भीड़ नियंत्रण और अपराध पर अंकुश लगाने की कवायद चल रही है। इसी तरह एटीवीएम और यूटीएस ऐप के जरिए यात्रियों को खुद टिकट बुक करने की योजनाओं में विस्तार हुआ है। स्टेशनों पर कोई पटरी पार न करें, इसके लिए ज्यादा से ज्यादा एस्केलेटर्स और लिफ्ट लगाने की 'स्मार्ट' तरकीब निकाली गई है।

मध्य रेलवे द्वारा 42 उपनगरीय स्टेशनों पर 92 वन-टच एटीवीएम मशीनें लगाई गई हैं। इस मशीन की सहायता से एक टच में टिकट प्राप्त किया जा सकता है। इस पूरी प्रक्रिया में बमुश्किल 5 सेकंड लगते हैं। इसी कड़ी में मध्य रेलवे द्वारा 719 नए एटीवीएम भी लगाए गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि जिन स्टेशनों पर यात्री स्वयं टिकट नहीं निकाल सकते हैं, वहां जेटीबीएस की व्यवस्था भी की गई है। पश्चिम रेलवे पर भी जेटीबीएस की सहायता से




टिकटों की बिक्री में वृद्धि हुई है।

यूटीएस ऐप के जरिए मोबाइल टिकट खरीदने वालों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। हाल ही में मध्य रेल के मुंबई मंडल ने यूटीएस मोबाइल ऐप का उपयोग करके बुक किए गए 8.33 लाख यात्रियों के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह मुंबई डिवीजन में 16 दिसंबर को बुक किए गए कुल यात्रियों का लगभग 11.86% है। मोबाइल टिकट बिक्री से प्राप्त आय 67.93 लाख रुपये तक पहुंच गई है।

उपनगरीय स्टेशनों पर आधुनिक सीसीटीवी के जरिए क्राउड मैनेजमेंट और अपराध नियंत्रण करने की पहल हुई है। मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में अब तक 3141 सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं।

पश्चिम रेलवे ने भी अब तक 1096 सीसीटीवी लगा दिए हैं, जबकि 45 रैकों में सीसीटीवी लगाए गए हैं जो ईएमयू रैक के महिला डिब्बों को कवर करते हैं। पश्चिम रेलवे पर प्लेटफॉर्म पर पहरा देने वाले सुरक्षाकर्मियों को 30 बॉडीवॉर्न कैमरों से लैस किया गया है। मुंबई सेंट्रल और बांद्रा टर्मिनस पर लंबी दूरी की ट्रेनों के जनरल कोच में व्यवस्थित और सुचारू प्रवेश के लिए 8 मेगापिक्सल कैमरा वाली चार बायोमैट्रिक टोकन मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं।

वर्ष 2019 के दौरान मध्य रेल पर 14 एफओबी प्रदान किए गए थे और मध्य रेल पर एफओबी 102 हैं। इसी तरह पश्चिम रेलवे पर भी कुल 24 नए एफओबी और एक नया सब-वे बनाया गया। इन्हें मिलाकर पश्चिम रेलवे के मुंबई डिविजन में एफओबी की कुल संख्या 119 हो गई है।

इन एफओबी को एस्केलेटर्स और लिफ्ट से जोड़कर स्टेशनों को बेहतर बनाने की कोशिश हुई है। मध्य रेलवे मुंबई मंडल में कुल एस्केलेटर 67 लगाए जा चुके हैं, जबकि 123 और एस्केलेटर की योजना है। इसी तरह से 41 और लिफ्ट लगाने की योजना है।

इसी साल पश्चिम रेलवे पर 16 नए एस्केलेटर और 3 नई लिफ्टों का निर्माण किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुंबई डिविजन में अब तक कुल 48 एस्केलेटर और 23 लिफ्टें लगाई जा चुकी हैं।

# बैंकों को लगातार लग रहा चूना
## छह सालों में गंवाए 7,000 करोड़




**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के कई बैंकों पिछले कुछ सालों में लगातार चूना लगाया गया है। आंकड़ों के मुताबिक, 2014 से लेकर अब तक अलग-अलग बैंकों को लगभग 7,000 करोड़ का नुकसान पहुंचा है। कुछ मामलों में बैंककर्मियों ने ही जालसाजी की है तो कुछ में हैकिंग या अन्य तरीकों से बैंकों के पैसे उड़ा दिए गए हैं। कई मामलों में आरोपियों के खाते सीज कर दिए गए लेकिन रिकवरी अभी बाकी है। चार महीने पहले एसबीआई के एक डेप्युटी मैनेजर को फर्जी कागजों के आधार पर 24 करोड़ रुपये उड़ाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। राजन सखारे नामक इस व्यक्ति ने रेलवे लेबर यूनियन के फिक्स्ड डिपॉजिट के पैसे गायब कर दिए थे। राजन सखारे 18 करोड़ के एक और घोटाले में शामिल थे। एक अधिकारी ने बताया कि इन पैसों को 14 अन्य खातों में ट्रांसफर किया गया था और बाद में ये पैसे फिर से राजन सखारे के खाते में आ गए। इकनॉमिक ऑफिंस विंग (ईओडब्ल्यू) द्वारा जिन मामलो की जांच की गई है, उसमें राजन सखारे का भी मामला शामिल है। ईओडब्ल्यू के मुताबिक, 2014 से लेकर अब तक मुंबई के विभिन्न बैंकों ने इसी तरह लगभग 7,304 करोड़ रुपये गंवाए हैं।

**पीएमसी से लेकर सहकारी तक, सबको लगी चपत:** 2019 में पीएमसी बैंक और महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक के लगभग 5600 करोड़ के घोटाले सामने आए। इसे छोड़ दें तो 2016 बैंकों के लिए सबसे बुरा साल रहा। कम से कम 10 बैंकों ने करीब 630 करोड़ के नुकसान की शिकायत की। कई मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके खातों को सीज भी कर दिया गया है। हालांकि, कई मामलों में रिकवरी होनी बाकी है। एक पुलिस अधिकारी ने यह भी बताया कि कई मामलों में चार्जशीट भी दाखिल कर दी गई है। 2018 में स्टेट बैंक ऑफ मॉरीशस ने शिकायत की कि उसे नरीमन पॉइंट ऑफिस के सिस्टम को हैक करके 147 करोड़ रुपये अमेरिका, यूके और फ्रांस के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। बैंक की सजगता के चलते आरोपी के खाते ब्लॉक कर दिए गए और वह सिर्फ 25 करोड़ रुपये ही निकाल पाया। अभी भी इस बात की जांच चल रही है कि आरोपी ने बैंक का सिस्टम हैक कैसे कर लिया।

# अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिरा वाहन, तीन लोगों की मौत



**मुंबई।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर रविवार को खोपोली के पास एक टेम्पो के गहरे गड्ढे में गिरने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायल शख्स को आनन-फानन इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना की जानकारी पुलिस की ओर से दी गई। इस दर्दनाक घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में भी हड़कंप मच गया। खोपोली थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर साढ़े 12 बजे हुई, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। नागपुर से आ रहे इस टेम्पो में सामान लदा हुआ था। खोपोली के पास एक मोड़ पर चालक ने नियंत्रण खो दिया और टेम्पो गहरे गड्ढे में गिर गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हादसे में चालक अनिल गायकवाड़ और दो अन्य की मौत हो गई। वहीं घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में घायल शख्स का इलाज चल रहा है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### 32 दिन बाद उद्धव मंत्रिमंडल का विस्तार

शरद पवार के भतीजे अजित पवार उप-मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। वही अजित ठाकरे, जिन्होंने 37 दिन पहले भी देवेंद्र फडणवीस के साथ उप-मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। टीम उद्धव के नए मंत्रियों में भाजपा की पंकजा मुंडे को हराने वाले एक और भतीजे धनंजय मुंडे हैं। धनंजय को उनके दिवंगत चाचा गोपीनाथ मुंडे राजनीति में लाए थे। 2008 से 2010 के बीच महाराष्ट्र के सीएम रहे अशोक चव्हाण को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के बेटे अमित देशमुख भी कैबिनेट मंत्री बने हैं। कांग्रेस विधायक केसी पाडवी के शपथ से इतर शब्द बोलने पर राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी नाराज हो गए और उन्हें दोबारा शपथ दिलवाई। 28 नवंबर को उद्धव समेत शिवसेना के 3 और राकांपा-कांग्रेस के 2-2 मंत्रियों ने शपथ ली थी। इस तरह मंत्रिमंडल में अब 43 मंत्री हैं। राकांपा के 16 और कांग्रेस-शिवसेना के 12-12 मंत्री हैं। गठबंधन में राकांपा के 54, शिवसेना के 56 और कांग्रेस के 44 विधायक हैं। मुख्यमंत्री शिवसेना और उप-मुख्यमंत्री राकांपा का है। शिवसेना ने भाजपा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ा था। शिवसेना-भाजपा गठबंधन को बहुमत भी मिला, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर दोनों दलों के बीच टकराव पैदा हो गया था। इसके बाद भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने राकांपा नेता अजित पवार के साथ मिलकर प्रदेश में सरकार बना ली थी। देवेंद्र ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तो अजित पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। राजनैतिक उठापटक के चलते साढ़े तीन दिन बाद सीएम और डिप्टी सीएम को इस्तीफा देना पड़ा था।

### जनरल बिपिन रावत देश के...

इसके अलावा भाजपा के प्रवक्ता बैजयंत जय पांडा ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा लेफ्टिनेंट जनरल सतीश दुआ ने भी उन्हें नियुक्ति पर मुबारकबाद दी। जनरल बिपिन रावत का जन्म 16 मार्च 1958 को हुआ था, अभी वे 61 साल के हैं। 2023 में 65 साल के होंगे। इस लिहाज से उनके पास सीडीएस पद पर रहने के लिए कम से कम 3 साल का समय है। रावत दिसंबर 1978 में कमीशन ऑफिसर (11 गोरखा राइफल्स) बने। वह 31 दिसंबर 2016 से थलसेना प्रमुख हैं। उन्हें पूर्वी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा, कश्मीर घाटी और पूर्वोत्तर में कामकाज का अनुभव रहा। थलसेना में केएम करियप्पा और सैम मानेकशॉ को फील्ड मार्शल की रैंक दी गई थी। कहा जाता है कि 1971 के युद्ध के बाद तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी मानेकशॉ को फील्ड मार्शल की रैंक देकर सीडीएस बनाना चाहती थी। तब वायुसेना-नौसेना प्रमुखों के मतभेद उभरे थे। उनका तर्क था कि इससे वायुसेना और नौसेना का कद घट जाएगा। हालांकि, मानेकशॉ को फील्ड मार्शल रैंक देने पर सहमति बनी। सैम जून 1972 में रिटायर होने वाले थे। रैंक देने के लिए उनका कार्यकाल 6 महीने बढ़ाया गया। जनवरी 1973 में उन्हें यह रैंक दी गई। चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ सैन्य मामलों के विभाग की अगुवाई करेंगे।

# मुंबई के अस्पताल से तीन दिन बाद डिस्चार्ज हुए मुलायम सिंह यादव



**मुंबई।** समाजवादी पार्टी (एसपी) के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव को रविवार शाम अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। पेट में दिक्कत के कारण उन्हें मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती किया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पेट में संक्रमण के कारण 26 दिसंबर को मुलायम सिंह यादव को अस्पताल में भर्ती किया गया था। मुलायम सिंह यादव का करीब तीन दिनों तक यहां इलाज चला, जिसके बाद उन्हें रविवार शाम छुट्टी दी गई। रविवार को मुंबई के कुछ वरिष्ठ नेता भी मुलायम सिंह का हालचाल जानने अस्पताल पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि मुलायम की स्थिति रविवार को सामान्य रही। बता दें कि इससे पहले नवंबर महीने में भी मुलायम सिंह यादव को पेट में दिक्कत होने के बाद लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में भर्ती किया गया था, जबकि उसके पहले इसी साल (2019) जून में उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था। नवंबर महीने में जब एसपी के संरक्षक को पीजीआई में भर्ती कराया गया था तो तत्कालीन डायरेक्टर रहे डॉ. राकेश कपूर ने बताया था कि मुलायम सिंह को पेट दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया। जांच में कुछ भी सामने न आने के बाद उन्हें दवा देकर वापस घर भेज दिया गया।









## जम्मू-कश्मीर: अनुच्छेद 370 हटने के बाद हाई कोर्ट ने कई वैकेंसी निकाली

### देशभर के उम्मीदवार कर सकते हैं आवेदन



**संवाददाता**

**जम्मू-कश्मीर** हाई कोर्ट ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद 33 खाली पदों (नॉन गेजेडट) पर वैकेंसी निकाली है। इन पदों पर इस केंद्र शासित प्रदेश के साथ ही देशभर से लोग आवेदन कर सकते हैं। सोमवार को आई रिपोर्ट के मुताबिक, आवेदन की आखिरी तारीख 31 जनवरी 2020 है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35ए हटने के बाद यह पहला मौका है, जब किसी भर्ती परीक्षा के लिए देशभर के लोगों से आवेदन मांगे गए हैं। इससे पहले राज्य के स्थायी निवासी की शर्त रहती थी। यानि जम्मू-कश्मीर में निकली भर्ती के लिए वह उम्मीदवार आवेदन कर सकते थे, जो इस राज्य और लद्दाख के स्थायी निवासी हैं लेकिन अब नियम बदल गए हैं। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने 26 दिसंबर को इसका नोटिफिकेशन जारी किया है।

### कुल 33 पदों पर भर्ती, 17 ओपन मेरिट कैटेगरी के

इसके मुताबिक, स्टेनोग्राफर, टाइपिस्ट और ड्राइवर के पदों पर नौकरी निकाली गई हैं। कुल 33 पदों पर भर्ती होनी है। इसमें 17 ओपन मेरिट कैटेगरी के लिए पद खाली है, जिसमें अधिकतम उम्र 40 साल तय की गई है। वहीं, आरक्षित श्रेणी के लिए उम्मीदवारों का चयन कश्मीर रिजर्वेशन नियम, 2005 के तहत होगा। इस वर्ग में केवल राज्य के स्थायी निवासी ही आवेदन कर सकेंगे। इसमें अधिकतम उम्र सीमा 43 साल है। ऐसे आवेदकों को जो जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के निवासी नहीं हैं, उन्हें हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को अपना आवेदन भेजना होगा।

## नौसेना: जासूसी रोकने के लिए कर्मचारियों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध, नेवी बेस, डॉकयार्ड और शिप पर स्मार्टफोन बैन




**नौसेना** ने ऑनलाइन जासूसी से बचने के लिए कर्मचारियों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल बंद करने के आदेश दिए हैं। नौसेना के मुताबिक, पिछले दिनों 7 कर्मचारियों को सोशल मीडिया के जरिए संवेदनशील जानकारी दुश्मन देश को लीक करते पकड़ा गया था। इसके चलते ही यह कड़े कदम उठाए गए हैं। अफसरों ने नेवी बेस, डॉकयार्ड और युद्धपोतों पर स्मार्टफोन के इस्तेमाल को भी बैन कर दिया। आदेश के मुताबिक, अब नौसैनिक मैसेजिंग ऐप के साथ नेटवर्किंग और ब्लॉगिंग ऐप, कंटेंट शेयरिंग, होस्टिंग और ई-कॉमर्स वेबसाइट भी नहीं खोल पाएंगे। इस बैन का मकसद आने वाले समय में नौसैनिकों को सोशल मीडिया पर हनी ट्रैप जैसे खतरों से बचाने के लिए हैं। आंध्रप्रदेश पुलिस ने 20 दिसंबर को नौसेना के 7 जवानों को गिरफ्तार किया था। इन सभी पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और नौसेना खुफिया विभाग ने इन्हें पकड़ने के लिए संयुक्त तौर पर 'डॉल्फिन्स नोज' नामक अभियान चलाया था। इसके जरिए जासूसी रैकेट का पता लगा। जांच एजेंसियों ने इस मामले में हवाला ऑपरेटर को भी हिरासत में लिया।

## प्रियंका गांधी ने योगी आदित्यनाथ से कहा...

# यह भगवा आपका नहीं, उस हिंदू धर्म का है, जिसमें रंज और बदले की भावना नहीं होती

**संवाददाता**

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने नागरिकता कानून का विरोध कर रहे लोगों पर कार्रवाई करने के उत्तर प्रदेश सरकार के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने राम-कृष्ण, शिवजी की बारात, हिंदुत्व और भगवा शब्द का इस्तेमाल कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने सोमवार को लखनऊ में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मुख्यमंत्रीजी ने बयान दिया था कि बदला लेंगे। उस बयान पर पुलिस और प्रशासन कायम है। उप्र के मुख्यमंत्री ने योगी के वस्त्र धारण किए हैं। भगवा धारण किया है। लेकिन यह भगवा उनका नहीं है। मुख्यमंत्रीजी ने जो बयान दिया कि बदला लेंगे, उस बयान पर पुलिस और प्रशासन कायम है। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ होगा कि सीएम ने ऐसा बयान दिया कि जनता के खिलाफ बदला लिया जाएगा। जिन लोगों को नोटिस भेजा गया है, उनमें दारापुरीजी का भी नाम है। कृष्ण-राम का देश है। भगवान राम करुणा के प्रतीक हैं। शिवजी की बारात में सब नाचते हैं। इस देश की आत्मा में हिंसा, बदला और रंज, इन चीजों की जगह नहीं है। जब श्रीकृष्ण ने अर्जुन को प्रवचन दिया था। जब महाभारत के महान युद्ध में महान योद्धा मैदान पर खड़े थे, तब श्रीकृष्ण ने उनसे रंज और बदले की बात नहीं की थी, उन्होंने करुणा-प्रेम की भावना उभारी। उप्र के मुख्यमंत्री ने योगी के वस्त्र धारण किए हैं। भगवा धारण किया है। ये भगवा आपका नहीं है, ये भगवा हिंदुस्तान



की धार्मिक-आध्यात्मिकता परंपरा का है। हिंदू धर्म का चिह्न है। उस धर्म को धारण करें। उस धर्म में रंज, हिंसा और बदले की भावना की कोई जगह नहीं है। लखनऊ में मैं (पूर्व आईपीएस अफसर) दारापुरी से मिलने जा रही थी। वे 77 साल के हैं और उन्हें एक फेसबुक पोस्ट के लिए घर से पुलिस ने उठा लिया। 48 लोगों के साथ उनका नाम एक लिस्ट में रखा गया था। वाराणसी में कई बच्चे बीएचयू के प्रदर्शन कर रहे थे। शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। उन्हें जेल भेज दिया गया। 24-25 साल के बच्चों को जेल भेज दिया गया। ये वो केस हैं, जिनका रिकॉर्ड है। 5500 लोग गिरफ्तार हुए हैं। अनऑफिशियली यह नंबर ज्यादा है। कई लोग अज्ञात हैं, जिन्हें जेल में पीटा जा रहा है। पुलिस और प्रशासन गलत काम कर रहे हैं, उनके रिकॉर्ड हैं चिट्ठी में। मैंने अनस के परिजन से मुलाकात की थी। हिंसा में मौत के बाद जब पीड़ित परिवार पुलिस के पास गया तो उन्हें धमकाया था कि आप पर ही एफआईआर कर दी जाएगी। अनस के पिता ने कहा था कि मैं अपने बेटे की कब्र तक को देखने नहीं जा पाऊंगा। 21 साल के शाहिद की भी मौत हुई थी, वो नोएडा में रहकर ट्यूशन पढ़ाता था। हमारी तरफ से राज्यपाल महोदया को एक चिट्ठी भी भेजी गई है। यह एक संपूर्ण दस्तावेज है। जैसा कि आप पुलिस की अराजकता को देख रहे हैं। मैंने चिट्ठी में लिखा है कि बिजनौर में दो नौजवानों की जान गई थी। दोनों सामान्य परिवार से थे।

## हिंसक प्रदर्शन: यूपी प्रशासन के बाद अब रेलवे भी प्रदर्शनकारियों से वसूली करेगा, 80 करोड़ के नुकसान का अनुमान

**उत्तर प्रदेश** प्रशासन की तरह ही अब रेलवे भी नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हुए नुकसान की वसूली करेगा। रेलवे बोर्ड चेयरमैन विनोद कुमार यादव ने बताया कि तोड़फोड़ और हिंसा से देशभर में रेलवे की संपत्ति को 80 करोड़ का नुकसान हुआ। नुकसान की भरपाई उन लोगों से की जाएगी, जिन्होंने तोड़फोड़ और हिंसा की है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि रेलवे ऐसे लोगों की पहचान कैसे करेगा। विनोद यादव ने कहा- सीएए के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शनों में पूर्वी रेलवे को 70 करोड़ और पूर्वोत्तर रेलवे को 10 करोड़ का नुकसान हुआ। इस नुकसान की भरपाई उन लोगों से की जाएगी जो हिंसा में लिप्त पाए जाएंगे। हालांकि, नुकसान का आंकड़ा अभी शुरूआती



है। पूरे आकलन के बाद नुकसान में बढ़ोतरी भी हो सकती है। रेलवे ने बताया, प्रदर्शन के दौरान प. बंगाल में संकरेल रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर को आग लगा दी गई थी। सुजनीपारा रेलवे स्टेशन पर तोड़फोड़ की गई थी। कृष्णपुर रेलवे स्टेशन के पास लालगोला में खड़ी कुछ ट्रेनों को आग लगा दी गई थी। हरिश्चंद्रपुर स्टेशन को तोड़ दिया गया था। यहां पर नुकसान की भरपाई उन लोगों से की जाएगी, जिनके खिलाफ केस दर्ज किए गए हैं। कानून और व्यवस्था राज्य के जिम्मे है और इस पर वे काम कर रहे हैं। जल्द ही वसूली की जाएगी। इससे पहले रेल मंत्री पीयूष गोयल ने प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अपील की थी कि रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**नुकसान की भरपाई के लिए अदालत भी जा सकता है रेलवे:** सूत्रों ने बताया कि जिन लोगों को संपत्ति के नुकसान का दोषी पाया जाएगा, उनके खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 151 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। इसके तहत अधिकतम सात साल के कारावास का प्रावधान है। रेलवे अपने नुकसान की भरपाई के लिए अदालत भी जा सकती है।

**उत्तर प्रदेश में 238 लोगों को नोटिस भेजा गया:** उत्तर प्रदेश में प्रदर्शनों में संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को लगातार नोटिस भेजे जा रहे हैं। रामपुर, बिजनौर, संभल और मेरठ में 238 लोगों को नोटिस भेजा गया है। इनसे प्रशासन को 74 लाख रु. की वसूली की जानी है। कानपुर, मऊ और फिरोजाबाद में तोड़फोड़ करने वालों की पहचान के लिए पोस्टर लगाए गए हैं।

## पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम 'इंडिया-2020' का सपना होगा पूरा?

**ध्यान** से देखें तो ऐसा लगता है जैसे मोदी-शाह के हर फैसले में लोग साथ हुआ करते थे, अचानक इरादा बदलने लगे है। साल की शुरूआत से ही जरा गौर कीजिये। बालाकोट एयर स्ट्राइक पर विरोध में जो भी दो-शब्द बोले गये, वे आम लोगों की जबान से नहीं निकले थे, बल्कि भाजपा के राजनीतिक विरोधियों की तरफ से रहे तब बड़ी आसानी ने मोदी-शाह ने समझा दिया कि ये विपक्षी लोग पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं- लेकिन साल जाते जाते लोगों ने सारी बातें आंख मूंद कर मानना भी छोड़ दिया। आखिर ऐसा क्यों? वजह जो भी रही हो सीए ए-एन आर सी के विरोध में लोग सड़कों पर उतर आये ये कौन लोग रहे ये बहस का अलग मुद्दा हो सकता है, लेकिन ये वही लोग हैं जो अब तक किसी भी मुद्दे पर खामोश भले रह जायें लेकिन मोदी-शाह के विरोध में सड़क पर तो नहीं ही देखने को मिले थे। अयोध्या पर आये फैसले से पहले तक, उच्चतम न्यायालय तक को पक्के तौर पर यकीन नहीं रहा कि कहीं कोई विरोध नहीं होगा। तभी तो तत्कालीन चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने यूपी के चीफ सेक्रेट्री को तलब कर हालात का जायजा लियो उसके बाद ही फैसला सुनाया गयो बाद में तो सभी हैरान रह गये होंगे कि विरोध जैसी कोई बात हुई ही नहीं - लेकिन अभी देखिये कैंपस में क्या हो रहा है? शहरों में क्या हो रहा है? दिसंबर से पहले सरकार को सिर्फ जम्मू-कश्मीर में इंटरनेट बंद करने की जरूरत पड़ी थी। दिसंबर में दिल्ली सहित देश के कई शहरों में ऐसा करना पड़ा है। अगर सब कुछ ठीक ठीक चल रहा था तो चूक कहां हुई - ये भी गंभीरता से सोचने की जरूरत है। किसी और को नहीं बल्कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को ही।



अशोक भाटिया

पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम 'इंडिया-2020' के तहत जिस भारत का सपना देखे थे उससे आगे की बात भले न हो लेकिन उनका सपना न टूट सके ऐसी कोशिश तो करनी ही होगी। बात जब सपनों की आती है तो पाश याद आ ही जाते हैं- सबसे खतरनाक होता सपनों का मर जाना। दुआ कीजिए 2020 का नया इंडिया कलाम के सपनों का भारत ही हो!

## महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री शिवसेना का, लेकिन सरकार राकांपा की और रिमोट शरद पवार के पास

**शिवसेना** को पांच साल के लिए मुख्यमंत्री पद देकर राकांपा ने सबसे ज्यादा मंत्री पद हासिल किए हैं। शरद पवार ने अपनी इस भूमिका को भास्कर से बातचीत के दौरान पहले ही स्पष्ट कर दिया था। कांग्रेस के साथ गठबंधन होते हुए भी पवार ने कभी भी मुख्यमंत्री पद की जिद नहीं की थी। एक बार तो राकांपा की सीटें कांग्रेस से ज्यादा भी रही, तब भी पवार ने मुख्यमंत्री पद पर दावा पेश नहीं किया। 2004 के विधानसभा चुनाव में राकांपा ने 71 और कांग्रेस ने 69 सीटें जीतीं। इसके बावजूद विलासराव देशमुख मुख्यमंत्री




बने और राकांपा के आरआर पाटिल को उप-मुख्यमंत्री बनाया गया। एक मुख्यमंत्री पद के बदले में यदि मंत्रियों की संख्या ज्यादा आ रही हो तो पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए वह ज्यादा जरूरी है। यह राकांपा की नीति ही बन चुकी है। इसी वजह से शिवसेना के सबसे बड़ी पार्टी होने के बाद भी सबसे ज्यादा मंत्री राकांपा के ही हैं। गठबंधन में राकांपा के 54, शिवसेना के 56 और कांग्रेस के 44 विधायक हैं। मंत्रिमंडल में अब 43 मंत्री हैं। इनमें राकांपा के 16 और कांग्रेस-शिवसेना के 12-12 मंत्री हैं।

**अल्पसंख्यकों को मौका:** महत्वपूर्ण बात यह है कि इस मंत्रिमंडल में अल्पसंख्यक समुदाय को अच्छी जगह मिली है। चार मुस्लिम, दो बौद्ध और एक जैन मंत्री नई सरकार में है। इससे पहले वाली सरकार में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं था। ठाकरे सरकार में अन्य संतुलन भी साधने की पूरी कोशिश की गई है। इसके बाद भी महिला और आदिवासियों के मामले में कमी रह गई है।

**राकांपा का दबदबा:** इस सरकार पर राकांपा का दबदबा साफ नजर आता है। अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद से नवाजा गया है, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि ठाकरे और पवार के रिश्तों का भविष्य क्या होगा। सेना के उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के बालासाहेब थोरात दोनों का ही व्यक्तित्व सौम्य है। लेकिन अजित पवार वैसे नहीं हैं। इस वजह से सरकार के भविष्य के लिए यह मुद्दा निर्णायक रहने वाला है। सरकार का रिमोट शरद पवार के हाथ में ही होगा, यह साफ दिख भी रहा हो, तब भी वह अजित पवार पर काम करेगा या नहीं, यह बड़ा सवाल है।

# कुछ लोग युवाओं में भ्रम पैदा कर रहे: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के 43वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण एवं अभिनंदन समारोह में सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लेखकों से समाज की ज्वलंत समस्याओं को रचनात्मक दिशा देने की अपील की। साथ ही सीएम योगी ने यह भी कहा कि कुछ लोग साहित्य का इस्तेमाल करके समाज में भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं।

सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान में सम्मानित होने वाले सभी साहित्यकारों को बधाई देते हुए कहा कि हिंदी का यश लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा, 'अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिंदी में अपने अभिभाषणों के माध्यम से न केवल दुनिया को अपने देश की ओर आकर्षित करते हैं, अपितु दुनिया को देश की ताकत का अहसास भी कराते हैं।'

सीएम योगी ने अपने भाषण के दौरान कहा कि कुछ लोग साहित्य को खेमेबाजी में बांटकर ऐसी स्थिति लाते हैं कि समाज में खासतौर पर युवा पीढ़ी के बीच भ्रम पैदा हो जाता है। उन्होंने साहित्यकारों से अपील करते हुए कहा, 'साहित्यकारों को समाज की ज्वलंत समस्याओं को एक रचनात्मक दिशा देने के लिए अपनी



लेखनी से ऐसे प्रयास करने चाहिए, जिनमें व्यापक लोक कल्याण और राष्ट्र कल्याण का भाव निहित हो।' सीएम योगी ने आगे कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है इसलिए लेखनी को बन्धन मुक्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लेखनी को किसी भी भेदभाव से परे होना चाहिए।

हिन्दी संस्थान के विविध सम्मानों से प्रदेश के हिन्दी विद्वान सम्मानित होंगे। समारोह में भारत भारती सम्मान से पटना की डॉ. उषा किरण, लोहिया साहित्य सम्मान से पटियाला के डॉ. मनमोहन सहगल, हिन्दी गौरव सम्मान से वाराणसी के डॉ. बद्रीनाथ कपूर, महात्मा गांधी साहित्य सम्मान से भागलपुर के डॉ. श्रीभगवान सिंह, पंडित दीनदयाल उपाध्याय साहित्य सम्मान से लखनऊ के ओमप्रकाश पांडेय, अवंतीबाई साहित्य सम्मान से दिल्ली की डॉ. कमल कुमार और राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन सम्मान से मणिपुर हिन्दी परिषद को नवाजा जाएगा। समारोह में साहित्य भूषण सम्मान से कई विभूतियों का सम्मानित किया जाएगा।

# अपनी कुर्सी बचाने के लिए अन्याय करवा रहे हैं योगी: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी कुर्सी बचाने के लिए प्रदेश में नए नागरिकता कानून और एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन की आड़ में एक समुदाय विशेष पर अन्याय करवा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह जो अन्याय हो रहा है और लोग पुलिस की गोली से मारे गए हैं, उसका अगर कोई जिम्मेदार है तो बीजेपी सरकार और खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिम्मेदार हैं। वह इसलिए क्योंकि वह जानते हैं कि बीजेपी के 200 विधायकों ने उनके खिलाफ विधानसभा में धरना-प्रदर्शन किया था। लिहाजा वह अपनी कुर्सी बचाने के लिए मुसलमानों पर अन्याय करवा रहे हैं।' उन्होंने कहा कि अगर मन टटोला जाए तो 300 विधायक योगी से नाराज हैं। योगी इस बात से घबराए हुए हैं और अपनी कुर्सी बचाने के लिए पुलिस के जरिए नाइंसाफी करवा रहे हैं। वह जानते हैं कि इस तरह की कार्रवाई के बाद अगले छह महीने तक कोई भी उनसे कुछ नहीं पूछेगा और वह ऐसे जमकर बैठ जाएंगे कि अगले डेढ़ साल तक कोई नहीं हटा पाएगा। एसपी अध्यक्ष ने कहा कि नए नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदेश में हुए प्रदर्शनों के दौरान हिंसा की अगर उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के किसी सेवारत न्यायाधीश से जांच कराई जाए तो सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि तब यह जाहिर हो जाएगा कि हिंसा के दौरान जो भी लोग मरे, वे पुलिस की गोली से मारे गए। हिंसा के शिकार हुए लोगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी बीजेपी के लोग अपने हिसाब से बनवा रहे हैं।

# फिर जीते तो महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा और 200 यूनिट तक फ्री बिजली जारी रहेगी: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि अगर आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार फिर से आती है तो डीटीसी की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त सफर और 200 यूनिट तक निशुल्क बिजली की योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगी। केजरीवाल ने जीटी करनाल रोड पर सिरसपुर में 1,164 बिस्तरों वाले अति विशिष्ट अस्पताल के शिलान्यास के कार्यक्रम में यह घोषणा की।



आप प्रमुख ने कहा, अन्य सभी पार्टियां मेरी आलोचना करती रहती हैं कि मैं लोगों को सबकुछ मुफ्त देता हूं। उनका कहना है कि सरकार घाटे में चली जाएगी। अब हमने महिलाओं के लिए डीटीसी बस के सफर को भी मुफ्त कर दिया है। विपक्षी पार्टी ने इसके लिए हमारी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं के लिए डीटीसी बस की यात्रा मुफ्त करने के लिए 140 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि गुजरात के मुख्यमंत्री ने सिर्फ 190 करोड़ रुपये का विमान अपने निजी इस्तेमाल के लिए खरीदा है।

केजरीवाल ने दावा किया है, मैंने अपने लिए विमान नहीं खरीदा ... मैंने अपनी बहनों के लिए बस का किराया माफ कर दिया। हमने फालतू खर्च पर बचत करके लोगों को मुफ्त सुविधाएं दी हैं। हम 24 घंटे मुफ्त बिजली दे रहे हैं। अधिकांश लोगों का बिजली का बिल शून्य आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रत्येक सांसद को चार हजार यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है लेकिन जब गरीबों को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलती है, तो इन नेताओं को समस्या होती है।

केजरीवाल ने कहा, विपक्ष कह रहा है कि ये सभी योजनाएं चुनाव के बाद बंद हो जाएंगी। आज मैं घोषणा कर रहा हूं कि जब हमारी सरकार सत्ता में वापस आएगी, तो अगले पांच वर्षों तक मुफ्त सेवाएं जारी रहेंगी। आपको अगले पांच सालों तक 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। दिल्ली में अगले साल के शुरू में विधानसभा चुनाव होने हैं।

# बीजेपी का पटलवार, 'आंतकियों के मुकदमे वापस लेने वालों से क्या उम्मीद'

**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के आरोपों का जवाब दिया है। उन्होंने कहा, जिस तरह अखिलेश दंगाइयों के मुकदमे वापस लेने की बात कह रहे हैं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं है। जब वे कचहरी में बम विस्फोट करने वाले आतंकियों के मुकदमे वापस लेने का प्रयास कर सकते हैं तो वह कुछ भी कर सकते हैं। जिन दंगाइयों, उपद्रवियों ने देश-प्रदेश को जलाया, गोलियां चलाईं, पत्थर बरसाए, पत्रकारों को पीटा, उनके मुकदमे वापसी की बात एसपी का मूल चरित्र है।

स्वतंत्र देव ने कहा कि बीजेपी देश के नागरिकों के हितों के लिए कोई भी अच्छा काम करेगी तो विपक्षी पार्टियां उसके विरोध में स्वर उठाएंगी। एनपीआर कोई नई व्यवस्था नहीं है। यह पहले से चली आ रही है। इसमें किसी तरह के कागजात और सबूत नहीं मांगे जाते। देश के सामान्य नागरिकों की व्यापक पहचान का डेटाबेस बनाना इसका




मुख्य लक्ष्य है।

कांग्रेस पर सवालिया निशान लगाते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन उपद्रवियों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए, उनके समर्थकों के घर जाकर प्रियंका कौन सा संदेश देना चाह रही हैं। कांग्रेस के नेता मारे गए दंगाइयों को शहीद का दर्जा देकर उन्हें मुआवजा देने की बात करते हैं। यह हमारे देश के शहीदों का घोर अपमान है।

# दिल्ली में गंभीर श्रेणी में बनी हुई है वायु गुणवत्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वायु गुणवत्ता सोमवार को भी गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजकर 38 मिनट पर 448 दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता शनिवार को गंभीर श्रेणी में पहुंच गई थी। पड़ोसी इलाकों गाजियाबाद (439), फरीदाबाद (465), नोएडा (471) और ग्रेटर नोएडा (448) में भी एक्यूआई गंभीर श्रेणी में है। गुरुग्राम में वायु गुणवत्ता सूचकांक 344 दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच के एक्यूआई को गंभीर माना जाता है। 500 से ऊपर के एक्यूआई को आपात श्रेणी का माना जाता है। कड़ाके की ठंड, अत्यधिक नमी और हवा की कम गति के कारण प्रदूषक कण एकत्रित होने से रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता बिगड़ गई।

# New Year Eve पर हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी, जल्द बनाएं प्लान

हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में इस साल के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर को ताजा बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग ने हाल ही में इसकी जानकारी दी थी। कहा गया था कि मध्यम ऊंचाई और अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर 31 दिसंबर को बारिश, बर्फबारी होने की संभावना है।

ऐसे में जिन लोगों ने इलाके में भारी बर्फबारी की वजह से अपनी ट्रिप कैंसल कर दी थी, वे दोबारा ट्रिप प्लान कर सकते हैं। साथ ही बाकी टूरिस्ट भी यहां न्यू इयर के मौके पर स्नो फॉल का आनंद ले सकते हैं। यहां हम हिमाचल प्रदेश में घूमने की कुछ जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां आप स्नो फॉल के साथ-साथ न्यू इयर सेलिब्रेशन का भी आनंद ले पाएंगेः



**खजियार**

यह हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में समुद्र तल से 1,920 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इसके चारों तरफ घिरे देवदार के पेड़ों की झील का नीला पानी आकर्षक लुक देता है। यहां की सबसे आकर्षक चीज तैरता हुआ टापू है जो असल में झील की सतह पर उगने वाली घास का गुच्छा है। यह जगह इतनी खूबसूरत है, इसीलिए इसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' का नाम दिया गया है।

**जीभी**

पहाड़ों की हरी-भरी और ऊंची चोटियों के बीच बसा जीभी न सिर्फ शांति और सुकून देता है, बल्कि यहां आप बर्फबारी के साथ-साथ नए साल का जश्न भी मना पाएंगे। यह एक छोटा-सा लेकिन बेहद खूबसूरत गांव है, जहां टूरिस्टों के लिए सुंदर कॉटेज और खान-पान की अच्छी व्यवस्था है।

**शिमला और मनाली**

बर्फबारी के साथ-साथ नए साल के जश्न का अलग रोमांच तो शिमला और मनाली में भी मिलेगा। रोमांस से लेकर दोस्तों के साथ इंजॉय करना हो या फिर फैमिली के साथ टाइम बिताना हो, हर लिहाज से ये जगहें परफेक्ट हैं।

## New Year सेलिब्रेशन को यादगार बना देंगी जयपुर की ये जगहें

नए साल के आगमन में सिर्फ कुछ ही घंटे बाकी रह गए हैं। लोगों ने कई दिनों पहले ही प्लानिंग कर ली होगी। जहां कुछ की प्लानिंग होगी कि किसी पब या बार में जाकर न्यू इयर सेलिब्रेट करें तो वहीं कुछ ने सोचा होगा कि एक स्मार्ट और बेहतर ट्रिप के जरिए नए साल का जोरदार स्वागत किया जाए। अगर आपने इस बार जयपुर जाने की प्लानिंग की है, तो यहां हम आपको जयपुर की उन जगहों के बारे में बता रहे हैं,

**राजस्थाली रिजॉर्ट**

न्यू इयर सेलिब्रेशन के लिहाज से जयपुर का राजस्थाली रिजॉर्ट काफी मशहूर है। यहां दमदार म्यूजिक से लेकर ऐल्कोहॉल और टेस्टी फूड उपलब्ध होता है। माहौल ऐसा होता है कि कदम खुद ब खुद डांस करने के लिए थिरकने लगते हैं। यह रिजॉर्ट जयपुर के शाही रिजॉर्ट में शुमार है और टूरिस्टों के बीच काफी पॉप्युलर है।

**नाहरगढ़ किला**

जयपुर के टॉप प्लेस की लिस्ट में नाहरगढ़ किला आता है। इसकी वजह है यहां की अलौकिक सुंदरता। यह जगह सिर्फ मॉनसून का मजा लेने के लिए ही मशहूर नहीं है, बल्कि यहां न्यू इयर भी एक अलग स्टाइल में सेलिब्रेट किया जाता है। इस किले के सामने बेहद खूबसूरत झील है, जिसकी छटा रात की जगमग रोशनी में और भी दिलकश लगती है। यहां हर साल न्यू इयर की शानदार पार्टी आयोजित की जाती है।

**ब्लैकआउट**

जयपुर में एक ऐसी जगह है जिसका नाम है ब्लैकआउट, लेकिन यहां का न्यू इयर सेलिब्रेशन ऐसा होता है कि आपको ताउम्र याद रहेगा। यहां लोग डांस और खाने-पीने के साथ-साथ खूब मस्ती भी करते हैं। यहां 31 दिसंबर की शाम से ही माहौल गुलजार हो जाता है और जश्न अगली सुबह तक जारी रहता है। इस जगह की आबो-हवा में ऐसा जादू है कि युवा खुद-ब-खुद यहां खिंचे चले आते हैं।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
खानपान नियंत्रित व संतुलित रखें। मौसमी बीमारियां परेशान कर सकती हैं। परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह**
बैसा आने से पहले ही जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आप किसी साजिश का शिकार हो सकते हैं। खानपान में रुचि बढ़ेगी।

**धनु**
क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखें। मित्रों पर आंख बंद कर विश्वास न करें। भूमि, भवन के कार्यों के सिलसिले में यात्रा हो सकती है।

**वृष**
जरुरी न हो तो यात्रा व निवेश न करें। मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी। साथी व सहयोगी पूर्ण मदद करेंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता।

**कन्या**
वरिष्ठजनों का साथ हितकारी रहेगा। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। कुछ महत्वपूर्ण लोगों से संपर्क हो सकता है। कल्पनाशक्ति का विकास होगा।

**मकर**
बुद्धि व विवेक से महत्वपूर्ण मसले सुलझाएंगे। कार्य के प्रति आपका दृष्टिकोण रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ रुझान बढ़ेगा।

**मिथुन**
आय बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रह सकती है। आर्थिक पक्ष बेहतर रहने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला**
रुके अधूरे कार्य पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। कामकाज में ईमानदारी पसंद करेंगे। समाज के कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**कुंभ**
जीवनसाथी को उपहार दे सकते हैं। राजकीय कार्यों में सफलता मिल सकती है। मित्रों के साथ आमोद प्रमोद में समय व्यतीत करेंगे। निवेश लाभदायक।

**कर्क**
संतान की गतिविधियां चिंता का कारण बन सकती हैं। आय व्यय का संतुलन बनाकर कार्य करें। नकारात्मकता को अपने हावी न होने दें।

**वृश्चिक**
अचानक विपरीत हुई परिस्थितियों से मन दुखी हो सकता है। पुराने रुके कार्य पूरे हो सकते हैं। पड़ोसियों से कुछ मतभेद हो सकते हैं।

**मीन**
संतान की ओर से उत्साहवर्धक समाचार मिल सकता है। पिता का प्रेम व सहयोग मिलेगा। आध्यात्म व दर्शन के प्रति रुचि बढ़ेगी। यात्रा टालें।

# गलती से भी न जाएं इन 4 जगहों पर, चंद घंटों में जा सकती है जान!

यह दुनिया जिस तरह से रहस्यमय से लेकर अजीबोगरीब चीजों से भरी पड़ी है, उसी तरह यह कई खूबसूरत जगहों और दिलकश नजारों से भी भरी पड़ी है। अडवेंचर के शौकीनों के लिए भी इस दुनिया में जगहों की कोई कमी नहीं है। पर क्या आप जानते हैं कि कुछ ऐसी जगहें भी हैं, जो सिर्फ लोगों के लिए ही नहीं बल्कि पेड़-पौधों के लिए भी घातक हैं? इनमें से कुछ तो ऐसी हैं जहां चंद घंटों में जान भी जा सकती है। यहां हम ऐसी जगहों के बारे में जानकारी दे रहे हैं जिनसे आपको दूर रहना चाहिए।

**डेथ वैली**

अमेरिका स्थित डेथ वैली दुनिया की सबसे गर्म जगहों में शुमार है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे सूखी और सबसे गर्म जगह के रूप में जानी जाती है। यहां का तापमान इतना ज्यादा होता है कि व्यक्ति यहां सिर्फ चंद घंटे ही जिंदा रह पाता है।

**डानाकिल डिप्रेशन**

यह भी दुनिया की सबसे गर्म जगहों में शामिल है। अत्यधिक तापमान के अलावा यहां कई ज्वालामुखी और गीजर हैं, जिनसे लगातार जहरीली गैस, लावा और आग निकलती रहती है। इन्हीं की वजह से यहां रहना तो क्या जाने के बारे में भी नहीं सोचा जा सकता। कई लोग डानाकिल डिप्रेशन को धरती पर मौजूद 'नर्क का द्वार' भी मानते हैं। यहां साल पर औसत तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रहता है।

**बिकीनी एटोल**

यह मार्शल आइलैंड पर स्थिति बिकिनी एटोल नाम की जगह भी न तो रहने के लिए सही मानी जाती है और न ही पर्यटकों के लिए। 1940 से 1950 के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका ने यहां कई परमाणु परीक्षण किए थे, जिसकी वजह से यहां की जमीन में कई रेडियोएक्टिव तत्व मिल गए और आबोहवा भी जहरीली हो गई। यहां रहने वाले लोगों को अपने घर छोड़कर जाना पड़ा। माना जाता है कि यहां की हवा और मिट्टी में अभी भी इतना रेडिएशन है कि कैंसर भी हो सकता है।

**स्नेक आइलैंड**

इस आइलैंड पर पब्लिक के जाने पर पाबंदी है क्योंकि यह हजारों जहरीले सांपों से भरा पड़ा है। इसी वजह से इसे स्नेक आइलैंड कहा जाता है। यहां सिर्फ चुनिंदा शोधकर्ता और ब्राजील की नेवी को ही जाने की परमिशन है।



# टीम इंडिया बनी 10 साल की सबसे मजबूत टीम

## धोनी नहीं कोहली का कमाल

**नई दिल्ली।** मौजूदा टेस्ट रैंकिंग में नंबर-1 पर काबिज भारतीय टीम के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। टीम इंडिया ने दशक का समापन सबसे सफल टीम के तौर पर किया है। खेल के सबसे लंबे प्रारूप यानी टेस्ट क्रिकेट में 2010-2019 के दौरान टीम इंडिया सर्वाधिक जीत प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है।

2010 से 2019 यानी 10 वर्षों के दौरान भारत का जीत प्रतिशत 52।34 रहा। सबसे ज्यादा जीत प्रतिशत के मामले ऑस्ट्रेलिया (50.89) और साउथ अफ्रीका (50.00) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड की टीम 45.23 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है।

सबसे फिसड्डी टीम की बात करें, तो 17.56 % जीत के साथ बांग्लादेश सबसे फिसड्डी टीम साबित हुई। कभी विश्व क्रिकेट में धूम मचाने वाली वेस्टइंडीज की टीम का जीत प्रतिशत 26.51 ही रही, और वह 8वें स्थान पर है।

**2010 के दशक में सबसे सफल टीम (जीत का प्रतिशत)**

**भारत- 52.34 %**
**ऑस्ट्रेलिया 50.89 %**
**साउथ अफ्रीका 50.00 %**
**इंग्लैंड 45.23 %**
**पाकिस्तान 39.76 %**
**न्यूजीलैंड 38.55 %**
**श्रीलंका 32.63 %**
**वेस्टइंडीज 26.51%**
**बांग्लादेश 17.56 %**

टेस्ट क्रिकेट में 2010 से 2019 के दौरान भारतीय टीम के प्रदर्शन की बात करें, तो शुरूआती पांच साल (2010-2014) में टीम इंडिया का जीत प्रतिशत 39.62 ही रहा, और उसने 21 जीत हासिल की, लेकिन आखिरी पांच साल (2015-2019) में उसने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 35 टेस्ट जीते। इस दौरान उसका जीत प्रतिशत 64.81 रहा।

जाहिर है विराट कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया विश्व क्रिकेट में छा गई। गौरतलब है कि दिसंबर 2014 में धोनी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के बीच में ही अचानक टेस्ट कप्तानी छोड़ी थी। इतना ही नहीं उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से तत्काल रिटायर होने की भी घोषणा कर दी थी। 2014-2019 के दौरान विराट भारत के सबसे सफल कप्तान बन गए। विराट की कप्तानी में भारत ने अब तक 53 में से 33 टेस्ट जीते हैं। सिर्फ 2019 की बात करें, तो टीम इंडिया ने 8 में से 7 टेस्ट जीते, जबकि एक टेस्ट ड्रॉ रहा।

...लेकिन 2010 से 2019 के दौरान सर्वाधिक टेस्ट जीत की बात करें, तो टीम इंडिया ने 56 टेस्ट जीते और वह दूसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड 57-57 टेस्ट जीतकर संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं, जबकि 54 जीत के साथ साउथ अफ्रीका तीसरे पायदान पर है।

# सौरव गांगुली बोले- 2020 के दौरे पर भारत के लिए चुनौती होगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को अगले साल उसके घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज में हराना 2018-19 के मुकाबले ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि तब उनकी टीम में स्टीव स्मिथ और डेविड वॉर्नर जैसे दिग्गज मौजूद नहीं थे।

भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया में पिछले दौरे पर टेस्ट सीरीज जीतकर 71 साल के सूखे को खत्म किया था। उस समय स्मिथ और वॉर्नर गेंद से छेड़छाड़ के मामले में दोषी पाए जाने के कारण टीम से बाहर थे।

गांगुली ने इंडिया टुडे के विशेष कार्यक्रम ईंस्पिरेशन में वॉर्नर और स्मिथ का जिक्र करते कहा, मुझे लगता है कि यह (2020 टेस्ट सीरीज) टीम के लिए बड़ी चुनौती होगी। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि कोहली ने अपने लिए जो मानक तय किये है उस मुताबिक वह भी मानते होंगे कि 2018 की ऑस्ट्रेलियाई टीम उनके समय की सबसे मजबूत टीम नहीं थी। भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलियाई दौरा 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप से शुरू होगा। पूर्व कप्तान ने कहा, वह अक्टूबर



में जिस चीज का सामना करने जा रहे हैं उसमें अधिक समय नहीं बचा है। यह अलग होने वाला है, क्योंकि यह पूरी ताकत वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम है।'

हालांकि, गांगुली ने कहा कि भारत ऐसी टीम है जो ऑस्ट्रेलिया को हरा सकती है। उन्हें बस खुद पर भरोसा रखना होगा। मैं इसका इंतजार कर रहा हूं, आपको पता है कि जब मैं कप्तान बना था तो यह मेरा लक्ष्य था कि सर्वश्रेष्ठ टीमों का सामना करूं और मुझे 2003 का आस्ट्रेलियाई दौरा याद है। हम शानदार टीम थे और इस टीम के पास भी ऐसा करने की क्षमता है।' गांगुली की कप्तानी में भारत ने इस सीरीज को 1-1 से ड्रॉ कराया था, लेकिन उस सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम में ग्लेन मैक्ग्रा और शेन वॉर्न शामिल नहीं थे। गांगुली ने कहा कि भारतीय टीम के पास वह सब कुछ है जिससे वे ऑस्ट्रेलिया को उनके घर में हरा सकते हैं। गांगुली ने कहा, उनके पास तेज गेंदबाज हैं, स्पिनर हैं, विराट कोहली की तरह का चैम्पियन खिलाड़ी है। रहाणे ने पिछले तीन-चार महीने पर शानदार प्रदर्शन किया है और अब रोहित शर्मा पारी का आगाज कर रहे। भारतीय टीम 2018 में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज हार गई थी, लेकिन गांगुली को उम्मीद है कि टीम जब अगली बार वहां जाएगी तब अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि वे इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीतेंगे।

# शतरंजः भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी महिला वर्ल्ड रैपिड चैंपियन बनीं

**नई दिल्ली।** भारत की कोनेरू हम्पी ने रूस के मॉस्को में चल रही महिला वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपियनशिप में चीन की लेई टिंगजी को टाईब्रेकर की सीरीज (आमेगेडोन मुकाबले) में हराकर खिताब अपने नाम किया। हम्पी विश्व महिला रैपिड चैंपियन बनीं तो नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को कुछ ही मिनट में पुरूष खिताब अपने नाम कर लिया।

हम्पी ने फिडे को दिए इंटरव्यू में कहा, जब मैंने तीसरे दिन अपना पहला गेम शुरू किया तो मैंने नहीं सोचा था कि मैं टॉप पर रहूंगी। मैं टॉप-3 में रहने की उम्मीद कर रही थी। मैंने टाई-ब्रेक गेम खेलने की उम्मीद नहीं की थी।

उन्होंने कहा, मैंने पहला गेम गंवा दिया लेकिन दूसरे गेम में वापसी की। यह गेम बहुत जोखिम भरा रहा लेकिन मैंने इसमें जीत हासिल की। अंतिम गेम में मैं बेहतर स्थिति में थी और फिर मैंने आसान जीत हासिल की।

# नैशनल शूटिंग चैंपियनशिपः विजयवीर को 3 गोल्ड, जीतू राय ने टीम को दिलाया पीला तमगा

**भोपाल।** चंडीगढ़ के विजयवीर सिद्धू ने रविवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप की पुरुष 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विजयवीर ने 580 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि गुरप्रीत सिंह (578) और उदयवीर सिद्धू (574) उनसे पीछे रहे। विजयवीर (580) जूनियर वर्ग में भी उदयवीर (574) और हर्ष गुप्ता (572) से आगे रहे। उन्होंने उदयवीर और उनीश होलिंदर (1699) के साथ मिलकर जूनियर वर्ग का टीम गोल्ड मेडल भी हासिल किया। गुरप्रीत, नीरज कुमार और गुरमीत की सेना निशानेबाजी इकाई (एएमयू) ने सीनियर 25 मीटर स्टैंडर्ड्स पिस्टल स्पर्धा में 1707 अंक से पहला स्थान हासिल किया। विजयवीर, उदयवीर और होलिंदर कुमार ने 1693 अंक से दूसरा स्थान प्राप्त किया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 25 साल बाद फिर 'ओले-ओले' गाना लेकर आएंगे सैफ अली खान




**फिल्म** इंडस्ट्री के चार्मिंग ऐक्टर सैफ अली खान फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म 'तानाजीः द अनसंग वॉरियर' से सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म का ट्रेलर भी थोड़े दिन पहले ही लॉन्च किया गया है, जिसमे सैफ के किरदार और उनके लुक की काफी तारीफ हो रही है। सैफ इस फिल्म में विलन के किरदार में नजर आएंगे। इसी बीच सैफ ने दूसरी फिल्म 'जवानी जानेमन' की रिलीज की तैयारी शुरू कर दी है। 'जवानी जानेमन' का पोस्टर हाल में ही रिलीज किया गया था। फिल्म में सैफ के साथ तब्बू नजर आएंगी और इससे पूजा बेदी की बेटी आलिया फर्नीचरवाला बॉलिवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में नवाब पटौदी सैफ के फैन्स के लिए खुशखबरी है कि इसमें सैफ अपनी फिल्म 'ये दिल्लगी', का आइकॉनिक गाना 'ओले ओले', रीक्रिएट करेंगे। बताया जा रहा है कि रीक्रिएट वर्जन में ऑरिजिनल गाने का फील और टच कायम रहेगा, मगर इसको एक नया रूप दिया जाएगा।



# शाहिद की पत्नी मीरा ने लिए मजे तो सोनाक्षी को करना पड़ा रिप्लाई



**शाहिद कपूर** की पत्नी मीरा राजपूत सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। वह यहां पर अपने ह्यूमर से फैंस को काफी इम्प्रेस करती हैं और इस बार उन्होंने पति शाहिद के साथ सोनाक्षी सिन्हा को टार्गेट किया। दरअसल, मीरा ने टीवी स्क्रीन की एक तस्वीर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में शेयर की जिसमें फिल्म आर राजकुमार का गाना 'साड़ी के फॉल सा' चल रहा है और शाहिद व सोनाक्षी थिरकते नजर आ रहे हैं। फोटो पर मीरा ने जो कैप्शन दिया, उसने सोनाक्षी को भी रिप्लाई करने पर मजबूर कर दिया। मीरा ने लिखा, इसे म्यूट करके देखना मजेदार है! इस पर सोनाक्षी ने रिप्लाई करते हुए लिखा, 'रिमोट ढूंढो!' इसके बाद उन्होंने हंसी वाला इमोजी भी बनाया। फिल्म की बात करें तो 'आर राजकुमार' का डायरेक्शन प्रभुदेवा ने किया था। इसके फेमस गाने 'साड़ी के फॉल सा' में शाहिद-सोनाक्षी के डांस मूव्स ने सभी का ध्यान खींचा था।

# सारा संग अफेयर पर बोले कार्तिक



**कार्तिक आर्यन** इस समय बॉलिवुड के हॉट केक बने हुए हैं। कार्तिक लगातार हिट फिल्में दे रहे हैं। उनकी पिछली फिल्मों 'सोनू के टीटू की स्वीटी', 'लुका छुपी' और 'पति पत्नी और वो' बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। कार्तिक के पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट भी हैं। इस समय वह अपनी अगली फिल्म 'आज कल' के पोस्ट प्रॉडक्शन में बिजी हैं। इस बीच कार्तिक का नाम कई ऐक्ट्रेसेस जैसे सारा अली खान और अनन्या पांडे के साथ जोड़ा जा रहा है। पिछले काफी समय से चर्चा थी कि कार्तिक आर्यन कथित तौर पर सारा अली खान के साथ रिलेशनशिप में हैं। इसके बाद यह भी खबर आई थी कि दोनों ने आपसी सहमति से एक-दूसरे से दूरी बना ली है। हाल में मीडिया से बात करते हुए अपनी कथित रिलेशनशिप के बारे में कार्तिक ने कहा, मैं कभी अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात नहीं करता क्योंकि मुझे यह पसंद नहीं है। सबसे जरूरी बात तो यह है कि इसमें (रिलेशनशिप में) केवल मैं अकेला शामिल नहीं हूं बल्कि कोई और भी शामिल है... मैं केवल इतना कह सकता हूं कि इस समय अपनी लाइफ से बहुत खुश हूं।